आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–08 अक्टूबर 2023 **सान्ध्य समाचार**

वायु सेना आज अपनी इक्यानबे–वीं वर्षगांठ मना रही है। इस अवसर पर मुख्य आयोजन प्रयागराज में किया गया। बमरौली वायु सेना केंद्र में सुबह शानदार परेड आयोजित की गयी। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने परेड की सलामी ली। इस अवसर पर थल सेना प्रमुख जनरल अनिल चौहान और मध्य हवाई कमान के जनरल ऑफिसर इन कमांड एयर मार्शल आर.जी.के. कपूर भी उपस्थित थे।

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने परेड में वायुसेना के नए ध्वज का अनावरण किया। इसके लिए वायुसेना के पुराने ध्वज को उतारकर सम्मानपूर्वक वायुसेना प्रमुख को सौंपा गया। अब इस ध्वज को वायुसेना संग्रहालय में प्रदर्शित किया जाएगा। वायुसेना प्रमुख ने चार इकाइयों को प्रशस्ति–पत्र भी सौंपे। इनमें 16 स्क्वाड्रन, 142 हेलीकॉप्टर यूनिट, 901 सिग्नल यूनिट और 3 बेस रिपेयर डिपो शामिल हैं।

इस अवसर पर वायुसेना प्रमुख ने कहा कि वायुसेना की शक्ति, शांति काल और युद्ध काल–दोनों में उपयोगी होती है। इसके लिए हमें नई तकनीकों को अपनाते रहना होगा ताकि हम उभरती चुनौतियों का मुकाबला कर सकें। एयर चीफ मार्शल श्री चौधरी ने बताया कि इस वर्ष के वायुसेना दिवस का विषय है–भारतीय वायुसेना–वैश्विक हवाई शक्ति। इस वर्ष वायुसेना ने मित्र देशों के साथ आठ अभ्यासों में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि वायुसेना में पुरुष और महिला अग्निवीरों के पहले बैच को शामिल किया गया है।

इस वर्ष वायुसेना दिवस पर परेड का नेतृत्व, पहली बार, किसी महिला अधिकारी अर्थात ग्रुप कैप्टन शालिजा धामी ने किया। पहली बार, महिला सैन्य कर्मियों की टुकड़ी परेड में शामिल हुई जिनमें अग्निवीर वायु महिलाएं भी शामिल रहीं। स्काई पैरा जंपर्स ने शानदार स्टंट से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इसके बाद दोपहर करीब तीन बजे से प्रयागराज में संगम के ऊपर वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने हैरतअंगेज हवाई करतब दिखाए। इनमें राफेल, चेतक, चिनूक, तेजस, डकोटा मिराज सहित सौ युद्धक और परिवहन विमान तथा हेलीकॉप्टर शामिल थे।

सूर्य किरण एयरोबैटिक टीम ने भी आसमान में अपने शौर्य का प्रदर्शन किया। इसके अलावा मिग–इक्कीस लड़ाकू विमानों को आज औपचारिक विदाई दी गयी और सी–दो सौ पन्चानबे परिवहन विमानों को वायुसेना में शामिल किया गया। संगम तट के सभी ओर, शास्त्री पुल, अरैल घाट, झूंसी की तरफ और आसपास के क्षेत्रों में लाखों लोग वायु सेना के इस अद्‌भुत हवाई प्रदर्शन के साक्षी बने। इस अवसर पर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी भी उपस्थित रहे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वायुसेना दिवस पर वायुसेना कर्मियों और उनके परिवारों को बधाई दी है।

****

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज वाराणसी के काशी हिंदू विश्वविद्यालय में आईआईटी–बीएचयू की ओर से आयोजित स्टूडेंट काउंसलिंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने इस प्रतिस्पर्धात्मक दौर में छात्र–छात्राओं को तनाव से बचने की सलाह दी। वित्त मंत्री ने कहा कि युवाओं पर अपने भविष्य निर्माण के लिए अतिरिक्त दबाव होता है, जिससे वे कई बार तनाव का शिकार हो जाते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि युवा अपने कार्य और जिंदगी में संतुलन स्थापित कर तनाव से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इस वर्ष के बजट में बारह सौ करोड़ रुपए मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवंटित किए हैं जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा आयुष्मान भारत योजना के तहत भी मानसिक रोगियों के उपचार की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने वित्त मंत्री से प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम में आईआईटी–बीएचयू के निदेशक पीके जैन सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

****

जौनपुर जिले के लोगों को जल्द ही निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी। पूर्वांचल विद्युत वितरण जौनपुर के अधीक्षण अभियंता प्रथम विवेक खन्ना ने कहा रिवैम्प्ड योजना के तहत जिले में नई बिजली लाइन, ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि, जर्जर तारों और खंभों को बदला जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पर लगभग 400 करोड़ रूपए की लागत आएगी, जिसका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया गया है। बजट स्वीकृत होने पर कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिले में 16 नए सब स्टेशन का निर्माण भी कराया जाएगा।

****

बस्ती जिले में आज नेशनल एसोसिएशन ऑफ यूथ की ओर से मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। इसमें लगभग चार हजार धावकों ने हिस्सा लिया। सांसद हरीश द्विवेदी ने शास्त्री चौक से मिनी मैराथन को हरी झंडी दिखायी। कुल सात किलोमीटर की यह दौड़ कंपनी बाग, गांधी नगर, रोडवेज के रास्ते जिलाधिकारी कार्यालय से होते हुए वापस शास्त्री चौक पर समाप्त हुई। पुरुष वर्ग में अयोध्या स्टेडियम के प्रिंस राज यादव ने 16 मिनट 50 सेकंड में दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में गोविंद कलहंस एकेडमी वाल्टरगंज की डिंपल सिंह ने 21 मिनट 42 सेकंड में दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 70 वर्षीय कोतवाल सिंह ने सबसे अधिक आयु वर्ग में दौड़ पूरी कर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

****